# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना–800001

फोन– 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, वेबसाईट : http://bsea.bihar.gov.in, ई–मेल: bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक : 21/05/2025

## अधिसूचना

संख्या– नि॰प्रा॰/नि॰ 1–01/2025 ..1809..... बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम, 2011 के धारा–14 क (1) के प्रावधानों के आलोक में सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या–1273 दिनांक 01.03.2012 द्वारा बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 के अधीन निबंधित सहकारी समितियों की प्रबंध समिति के निर्वाचन संचालन का दायित्व बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सौंपा गया है।

2. **उक्त परिप्रेक्ष्य में बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम 2008 की धारा–5 (2) एवं बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार नियमावली 2008 के नियम 6 (2) के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भागलपुर क्षेत्रीय हस्तकरघा बुनकर सहयोग संघ लिमिटेड, भागलपुर के निर्वाचन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, भागलपुर सदर को निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।**

3. अनुमंडल पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), भागलपुर सदर उक्त समिति के निर्वाचन हेतु अपने अधीन कार्यरत प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी/ भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/वरीय उप–समाहर्त्ता को उप निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकते हैं।

4. जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), भागलपुर के निर्देशन एवं नियंत्रण में अनुमंडल पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), भागलपुर सदर संबंधित समिति का चुनाव संबंधी कार्य करेंगे।

5. उक्त सभी पदनामित पदाधिकारी बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा–4 के अंतर्गत बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के पर्यवेक्षण, निदेशन एवं नियंत्रण में निर्वाचन का संचालन करेंगे।

21/5/25

**(कयूम अंसारी)**

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : 1809 /पटना, दिनांक : 21/05/2025

प्रतिलिपि : ई–गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

21/5/25

**संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक : 1809 /पटना, दिनांक : 21/05/2025

प्रतिलिपि : मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, भागलपुर क्षेत्रीय हस्तकरघा बुनकर सहयोग संघ लिमिटेड, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/5/25

**संयुक्त सचिव**

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांक : 1809 /पटना, दिनांक : 21/05/2025

प्रतिलिपि : अनुमंडल पदाधिकारी —सह— निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), भागलपुर सदर/ संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर/ जिला पदाधिकारी —सह— जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), भागलपुर/ प्रमंडलीय आयुक्त, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/5/25

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : 1809 /पटना, दिनांक : 21/05/2025

प्रतिलिपिः निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/5/25

संयुक्त सचिव